बोलो बोलो मावड़ी आप कैसे हो

अँखियाँ ना चुराओ दादी मांगने ना ए हैं
हम तो दादी आज आपका हाल जानने आये हैं
बोलो बोलो मावड़ी आप कैसे हो

इतना काम करोगी तो दादी तुम थक जाओगी
एक पल की ना फुसत दादी खाना तुम कब खाओगी
थोड़ा तो आराम करो हम ये बतलाने आये हैं
हम तो दादी आज आपका हाल जानने आये हैं
बोलो बोलो मावड़ी आप कैसे हो

थक जाओ तो कह देना हम पेअर तेरे दबा देंगे
भाव भरे भजनो की दादी लोरियां सुना देंगे
तेरी सेवा करने दादी तेरे बच्चे आये हैं
हम तो दादी आज आपका हाल जानने आये हैं
बोलो बोलो मावड़ी आप कैसे हो

अपनी भी तो सोच दादी बच्चों के ये अर्ज़ी है
कहना हमारा फ़र्ज़ है दादी आगे तेरी मर्ज़ी है
योगी मेरा सब है तेरा ये जतलाने आये हैं
हम तो दादी आज आपका हाल जानने आये हैं
बोलो बोलो मावड़ी आप कैसे हो

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19829/title/bolo-bolo-mawadi-aap-kaise-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |